
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 180 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...महिलाओं की सेहत से खिलवाड़



देहरादून, शुक्रवार, 23 अगस्त 2019

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0°

36472.93

2 भारत से बातचीत का सवाल ही नहीं

7 आंकड़े हैं विराट कोहली के पक्ष में

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन कोर्ट ने नीरव मोदी की हिरासत 19 सितंबर तक बढ़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएनबी घोटाले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की हिरासत 28 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। उसे गुरुवार को लंदन के वेस्टमिंस्टर कोर्ट में जज टैन इकराम के सामने पेश किया गया। नीरव मोदी को मार्च में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह वैंड्सवर्थ जेल में है। नीरव मोदी को विडियो लिंक के जरिए कोर्ट में पेश किया गया जहां उसकी हिरासत बढ़ाने की मांग की गई। बता दें कि ब्रिटेन में हर चार सप्ताह के बाद हिरासत कि अवधि बढ़ाने के लिए आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाता है। नीरव मोदी की हिरासत अवधि 19 सितंबर तक बढ़ाई गई है।

### उद्योग जगत को झटका, सरकार ने राहत पैकेज देने से किया इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने अर्थव्यवस्था के लिए कोई स्टिम्युलस पैकेज देने से इनकार करते हुए कहा कि मुनाफा हुआ तो निजी और नुकसान हो तो सार्वजनिक, सही अर्थशास्त्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए बढ़िया और खराब दौर सामान्य सी बात है और बुरे दौर में उद्योग का सरकार से समर्थन की उम्मीद करना नैतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### चंद्रशेखर समेत 96 को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में सुको के आदेश पर तोड़े गए रविदास मंदिर के बाद प्रदर्शन जारी है। इस बीच भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर सहित 96 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चंद्रशेखर और अन्य पर आईपीसी की धारा 147, 149, 186 और 332 के तहत गोविंदपुरी थाने में केस दर्ज किया गया है। तुगलकाबाद में स्थित संत रविदास के मंदिर को सुको ने गिराने का आदेश दिया था।

# 5 दिन की रिमांड पर चिदंबरम

■चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले की जांच पूरी हो गई है

## वकील और परिजन हर दिन 30 मिनट मिल सकेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को दिल्ली की राउज ऐवेन्यू कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने का फैसला दिया है। बुधवार को जांच एजेंसी ने उन्हें नाटकीय घटनाक्रम के बाद उनके जोर बाग स्थित आवास से अरेस्ट किया था। जज अजय कुमार कुहाड़ की अदालत में सुनवाई के दौरान पी. चिदंबरम के वकीलों ने उन्हें जमानत देने की मांग करते हुए तमाम दलीलें दीं, लेकिन कोर्ट ने सभी को खारिज करते हुए उन्हें रिमांड पर भेजने का फैसला सुनाया। चिदंबरम के मामले पर शाम को करीब 5 बजे तक सुनवाई और फिर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

कोर्ट ने अपने फैसले में हर दिन 30 मिनट तक वकीलों और परिजनों को चिदंबरम से मिलने की अनुमति दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि रिमांड के दौरान आरोपी की निजी गरिमा का हनन न हो। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट में केस डायरी भी पेश की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चिदंबरम के लिए 5 दिन की रिमांड मांगते हुए कहा था कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसलिए उनसे अभी और पूछताछ किए जाने की जरूरत है। मेहता ने कहा कि चिदंबरम खासे चतुर हैं और वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे। कटघरे में खड़े चिदंबरम से जज अजय कुमार ने बैठ जाने को कहा तो इस पर उन्होंने कहा कि वह ऐसे ही ठीक हैं।

सीबीआई ने कोर्ट से कहा कि इस केस में ऐसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब सिर्फ चिदंबरम दे सकते हैं। इसलिए उन्हें रिमांड पर दिया जाए। इसके बाद कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले के अन्य आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।



### कोर्ट में बोले चिदंबरम, हर सवाल का दिया जवाब

पी. चिदंबरम के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उन्हें बोलने देने की मांग की। एसजी तुषार मेहता के विरोध के बाद भी उन्हें बोलने का मौका मिला। चिदंबरम ने कहा कि कृपया आप सवालों और जवाबों को देखिए। ऐसा कोई सवाल नहीं है, जिसका मैंने जवाब न दिया हो। आप ट्रांस्क्रिप्ट पढ़िए। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मेरा बाहर कहीं कोई खाता है, मैंने कहा नहीं। उन्होंने पूछा कि क्या मेरे बेटे का विदेश में कोई खाता है, मैंने कहा, हां।

### सिब्बल बोले, रात में क्यों किया अरेस्ट, सुबह तक नहीं पूछे सवाल

सीबीआई पर रात को बेवजह अरेस्ट करने का आरोप लगाते हुए सिब्बल ने कहा कि एजेंसी ने चिदंबरम से रात में कोई पूछताछ नहीं की। उनसे सुबह 11 बजे से सवाल पूछे गए। कुल 12 सवाल उनसे पूछे गए थे। सिब्बल के बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने चिदंबरम का पक्ष रखते हुए कहा कि इस मसले में एफआईपीबी पर फैसला लेने वाले 6 अधिकारी ही पकड़ से बाहर हैं। सिंघवी ने कहा कि सीबीआई आखिर इतनी बेचैन क्यों है और क्यों उन्हें अचानक गिरफ्तार करने पर आमादा है। सिंघवी ने कहा कि इस मामले में सीबीआई गलत तरीका अपना रही है, चिदंबरम उसके मन-मुताबिक जवाब नहीं देंगे।

## तीन देशों, फ्रांस, यूएई और बहरीन के दौरे पर प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को फ्रांस, यूएई और बहरीन की यात्रा पर निकले। 25 अगस्त को वह फ्रांस के शहर बियरित्स में जी7 समिट में हिस्सा लेंगे। मोदी आज शाम फ्रांस की राजधानी पैरिस पहुंच जाएंगे। यह उनके दूसरे कार्यकाल का पहला यूरोप दौरा है। इससे भारत-फ्रांस के बीच संबंधों को गहराई का पता चलता है। दोनों देशों के पारस्परिक हितों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि चीन हिंद महासागर में अपना दखल बढ़ाता जा रहा है। फ्रेंच प्रेजिडेंट इमैनुएल मैक्रों जब भारत दौरे पर आए थे तो उन्होंने मोदी के साथ हिंद महासागर की सुरक्षा को लेकर एक समझौते पर दस्तखत किया था।

# सेना जांच शुरू करेगी तो दूंगी सबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों पर ज्यादती का आरोप लगाने के बाद शहला ने कहा कि सेना जांच करेगी तो वह सबूत देंगी। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए पहुंची जेएनयू की पूर्व उपाध्यक्ष ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। सबूत मांगने की बात पर जब मीडिया ने उन्हें घेर लिया तो उन्होंने सिर्फ यही कहा कि जांच होगी तो वह सबूत पेश कर देंगी। शहला के दावों का पहले ही सेना की ओर से खंडन किया जा चुका है।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए

### कश्मीर बयान पर शहला राशिद की सफाई

पहुंची शहला ने कहा, मैं अपना बयान दे चुकी हूं। भारतीय सेना जब मेरे खिलाफ जांच शुरू करेगी तो मैं सबूत भी दे दूंगी। मैंने अपना बयान दे दिया है, लेकिन क्या आर्मी ने मेरे खिलाफ जांच शुरू कर दी है? क्या मेरे खिलाफ जांच हो रही है। इसके बाद शहला ने किसी और सवाल का जवाब नहीं दिया और वह वहां से चली गईं।

बता दें कि कुछ दिन पहले शहला राशिद ने सिलसिलेवार ढंग से कई ट्वीट कश्मीर के



हालात पर किए थे। उन्होंने कई ट्वीट में सुरक्षा बलों द्वारा आम जनता को परेशान किए जाने का दावा किया। शहला ने कहा कि कई क्षेत्रों के स्थानीय लोगों से उनकी बातचीत हुई है और कश्मीर में हालात बहुत खराब हैं। हालांकि, छात्र नेता के उस बयान की काफी आलोचना हुई और सेना ने भी इसका खंडन कर दिया।

### श्रीनगर की हैं शहला, जहूहन की है शाह फैसल की पार्टी

2019 लोकसभा चुनावों से पहले ही उन्होंने आईएएस अधिकारी से नेता बने शाह फैसल की पार्टी जॉइन की। शहला खुद भी मूल रूप से श्रीनगर की ही रहनेवाली हैं। आर्टिकल 370 खत्म किए जाने के बाद से ही वह सरकार के खिलाफ कई प्रदर्शन में शामिल हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी वह काफी सक्रिय रहती हैं।

# एलओसी के पास अफगानी आतंकियों का जमावड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में माहौल बिगाड़ने के लिए पाकिस्तान अब अफगानी आतंकियों को घुसपैठ कराने की फिराक में है। खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि बड़ी संख्या में अफगानी आतंकी एलओसी के पास मौजूद हैं। सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक अफगानी आतंकी ज्यादा ट्रेंड होते हैं इसलिए पाकिस्तान अब एक बार फिर उनके जरिए आतंक फैलाने की कोशिश कर रहा है। इंटेलिजेंस एजेंसी सूत्रों के मुताबिक 200 से भी ज्यादा अफगानी आतंकी जो तालिबान के साथ मिलकर लड़ चुके हैं, वह एलओसी के करीब लॉन्च पैड पर मौजूद हैं।

# नेताजी की अस्थियों की हो डीएनए जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुत्री अनीता बोस ने गुरुवार को जापानी मंदिर में रखी नेताजी की अस्थियों की डीएनए जांच सुनिश्चित कराने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने पिछली सरकारों पर मामले को श्अनदेखीश का आरोप लगाया और कहा कि वे कभी नहीं चाहते थे कि इस रहस्य पर से पर्दा उठे। बोस ने नेताजी की मृत्यु से जुड़े रहस्य को सुलझाने के प्रयासों के लिए पीएम मोदी की सराहना भी की।

**पीएम से मुलाकात करना चाहती हैं अनीताः** अनीता ने कहा कि जब तक कि कुछ और साबित नहीं हो जाता, उन्हें लगता है कि उनके पिता की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को विमान दुर्घटना में हुई थी। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से

### मांग

बेटी अनीता बोस ने पीएम मोदी से किया अनुरोध



और जापानी अधिकारियों से भी मिलना चाहती हैं ताकि रेनकोजी मंदिर में रखी अस्थियों के डीएनए परीक्षण की अनुमति के लिए अनुरोध कर सकें।

अनीता ने जर्मनी से टेलिफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, श्जब तक कुछ और साबित नहीं हो जाए, मुझे विश्वास है कि उनकी मृत्यु 18 अगस्त 1945 को विमान दुर्घटना में हुयी लेकिन बहुत लोग इसे नहीं मानते।

### जापानी अधिकारियों से अनुरोध- फाइल हो तो सार्वजनिक करें

बोस ने कहा, मैं निश्चित रूप से चाहूंगी कि रहस्य सुलझ जाए। मुझे लगता है कि रहस्य को सुलझाने का सबसे अच्छा तरीका जापान में मंदिर में रखी अस्थियों का डीएनए परीक्षण करना है। डीएनए परीक्षण से सच साबित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार के पास रखी गई फाइलों को सार्वजनिक करके रहस्य को सुलझाने के प्रयासों को लेकर धन्यवाद देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि वह जापानी अधिकारियों से भी अनुरोध करेंगी कि अगर उनके पास नेताजी से जुड़ी कोई फाइल है तो वे उसे सार्वजनिक करें।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in